महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेद संस्कृत शिक्षा बोर्ड, उज्जैन

(शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संस्थापित तथा मान्यता प्राप्त ;
भारतीय विश्वविद्यालय संघ, नई दिल्ली से मान्यता प्राप्त एवं केन्द्रीय व राज्य बोर्डों के समकक्ष)

Maharshi Sandipani Rashtriya Veda Sanskrit Shiksha Board, Ujjain

(Established and Recognized by the Ministry of Education, Government of India ;
Recognized by Association of Indian Universities, New Delhi and Equivalent to Central and State Boards)

प.सं. 4-1/2026/परीक्षा/मसारावेविप्र 2018 | दिनांक :02 जून, 2026

अधिसूचना –

महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेदविद्या प्रतिष्ठान एवं महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेद संस्कृत शिक्षा बोर्ड से शैक्षणिक सत्र 2026-27 की सम्बद्धता हेतु प्रतिष्ठान द्वारा अनुदानित वेद पाठशालाओं एवं गुरु-शिष्य परम्परा इकाइयों से आवेदन आमंत्रित करने के सम्बन्ध में।

शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार की स्वीकृति अनुसार प्रतिष्ठान द्वारा अनुदानित वेद पाठशालाओं एवं गुरु-शिष्य परम्परा इकाइयों में अध्ययनरत (अ) वेदभूषण प्रथम वर्ष (कक्षा-6ठी) से वेदभूषण पंचम वर्ष (कक्षा-10वीं) तक, (ब) वेदविभूषण प्रथम वर्ष (कक्षा-11वीं) एवं (स) वेदविभूषण द्वितीय वर्ष (कक्षा-12वीं) के विद्यार्थियों की परीक्षा मान्यता हेतु वेद पाठशालाओं एवं गुरु-शिष्य परम्परा इकाइयों की सम्बद्धता अनिवार्य है।

2. इस संबंध में महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेद संस्कृत शिक्षा बोर्ड ने अपनी प्रथम बैठक में निर्णय लिया कि प्रतिष्ठान से अनुदानित वेद पाठशालाओं एवं गुरु-शिष्य परम्परा इकाइयों में अध्ययनरत (अ) वेदभूषण प्रथम वर्ष (कक्षा-6ठी) से वेदभूषण चतुर्थ वर्ष (कक्षा-9वीं) एवं (ब) वेदविभूषण प्रथम वर्ष (कक्षा-11वीं) के विद्यार्थियों की परीक्षा मान्यता हेतु वेद पाठशालाओं एवं गुरु-शिष्य परम्परा इकाइयों को सम्बद्धता प्रतिष्ठान द्वारा तथा (स) वेदभूषण पंचम वर्ष (कक्षा-10वीं) एवं (द) वेदविभूषण द्वितीय वर्ष (कक्षा-12वीं) के विद्यार्थियों की परीक्षा मान्यता हेतु सम्बद्धता बोर्ड द्वारा प्रदान की जाएगी।

3. अनुदानित वेद विद्यालयों / वेद पाठशालाओं / शिक्षण संस्थाओं / गुरु-शिष्य परम्परा इकाइयों की केवल महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेद संस्कृत शिक्षा बोर्ड, उज्जैन से सम्बद्धता होनी चाहिये, किसी अन्य बोर्ड से सम्बद्धता होने पर महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेद संस्कृत शिक्षा बोर्ड, उज्जैन से सम्बद्धता निरस्त कर दी जाएगी। विद्यार्थी केवल महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेद संस्कृत शिक्षा बोर्ड, उज्जैन अथवा प्रतिष्ठान द्वारा आयोजित परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए पात्र होंगे।

4. सम्बद्धता हेतु ऑनलाइन आवेदन पत्र प्रतिष्ठान की वेबसाइट (www.msrvvp.ac.in) पर उपलब्ध है। ऑनलाइन आवेदन एवं शुल्क जमा करने की अन्तिम तिथि **08 जून, 2026** है।

5. प्रतिष्ठान द्वारा **अनुदानित वेद पाठशाला / गुरु-शिष्य परम्परा इकाई** को प्रतिष्ठान एवं बोर्ड से शैक्षणिक सत्र 2026-27 हेतु सम्बद्धता प्राप्त करने के लिए उस पर लागू निम्नलिखित स्लैब के अनुसार वार्षिक शुल्क का भुगतान करना होगा :-

क्र. सं.	वेद पाठशाला / संस्था / गुरु-शिष्य परम्परा इकाई	छात्र संख्या	वार्षिक सम्बद्धता शुल्क	18% जी.एस.टी. (GST)	कुल भुगतान योग्य राशि [अप्रतिदेय (Non-refundable)]
1	अनुदानित वेद पाठशाला / शिक्षण संस्था	01 से 20 तक	रु. 5000/-	रु. 900/-	रु. 5,900/-
		21 से 50 तक	रु. 10,000/-	रु. 1,800/-	रु. 11,800/-
		51 से 75 तक	रु. 15,000/-	रु. 2,700/-	रु. 17,700/-
		76 से 100 तक	रु. 20,000/-	रु. 3,600/-	रु. 23,600/-
		100 से अधिक	रु. 25,000/-	रु. 4,500/-	रु. 29,500/-
2	अनुदानित गुरु-शिष्य परम्परा इकाई	अधिकतम 10	रु. 5000/-	रु. 900/-	रु. 5,900/-

6. यह विशेष ध्यान रहे कि केवल ऑनलाइन आवेदन पत्र में अंतर्निर्मित 'Payment Gateway' के माध्यम से ही बोर्ड के खाते में जमा की गई 'कुल भुगतान योग्य राशि' मान्य होगी। अन्य किसी भी माध्यम से बोर्ड के खाते में जमा की गई राशि सम्बद्धता के आवेदन हेतु मान्य नहीं होगी तथा वह अप्रतिदेय (Non-refundable) एवं गैर-समायोज्य (Non-adjustable) रहेगी। साथ ही, बोर्ड के खाते में जमा की गई कोई भी राशि अप्रतिदेय (Non-refundable) एवं गैर-समायोज्य (Non-adjustable) रहेगी।

7. यह अधिसूचना केवल वार्षिक सम्बद्धता हेतु जारी की गई है। विद्यार्थियों की परीक्षा हेतु ऑनलाइन आवेदन पृथक से आमंत्रित किए जाएंगे।

बोर्ड के आदेश से जारी,

(प्रो. विरुपाक्ष वि.जड्डीपाल)
सचिव

प्रतिलिपि :
(1) सहायक निदेशक (परीक्षा) को आवश्यक कार्रवाई हेतु।
(2) लेखा विभाग को आवश्यक कार्रवाई हेतु।
(3) समस्त वेद पाठशालाओं / गुरु-शिष्य परम्परा इकाइयों को सूचनार्थ।
(4) प्रतिष्ठान एवं बोर्ड की वेबसाइट पर प्रकाशनार्थ।
(5) रक्षित पत्रावली।

वेदविद्या मार्ग, चिंतामण गणेश, पो.ऑ. जवासिया, उज्जैन-456006 (म.प्र.)
Vedavidya Marg, Chintaman Ganesh, P.O. Jawasiya, UJJAIN - 456006 (M.P.)
दूरभाष/Telephone : 0734 - 2502266, 2502254, 2502255, 2525197
ई-मेल/E-mail : msrvssboard@msrvvp.ac.in
बोर्ड वेबसाइट/Board Website : https://msrvvp.ac.in/msrvssb1/#